साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय ने गुरुग्राम में भारत परिसर खोला

चर्चा में क्यों?

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने **हरियाणा के** मुख्यमंत्री के साथ मिलकर **हरियाणा के गुरुग्राम** में **साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय** के भारत परिसर का उद्घाटन किया।

मुख्य बिंदु

साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के परिसर के बारे में:

- **भारत के शिक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि:**
  - **QS** शीर्ष 100 वैश्विक संस्थानों में शामिल तथा ब्रिटेन के **रसेल समूह** का संस्थापक सदस्य साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के **(भारत में विदेशी उच्च शिक्षा संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन)** विनियम, 2023 के अंतर्गत **भारत** में परिसर संचालित करने वाला पहला **विदेशी विश्वविद्यालय** बन गया है।
  - **गुरुग्राम** में विश्वविद्यालय के परिसर का उद्घाटन भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र में एक**महत्त्वपूर्ण क्षण** को चिह्नित करता है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के पाँच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक **स्मरणीय उपलब्धि** के रूप में मनाया जा रहा है।
- **NEP 2020 के तहत शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण:**
  - केंद्रीय मंत्री ने इस कार्यक्रम को **भारत-UK सहयोग** के शिक्षा स्तंभ को मज़बूत करने वाला बताया, जो **भारत-UK रोडमैप 2030** के अनुरूप है।
- **परिसर की पेशकश और कार्यक्रम:**
  - **गुरुग्राम परिसर** में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त **स्नातक** और **स्नातकोत्तर** कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे, जिनके अंतर्गत विद्यार्थियों को UK या मलेशिया स्थित विश्वविद्यालय के परिसरों में एक वर्ष तक अध्ययन करने का अवसर मिलेगा।

नोट:

- भारत भी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रहा है, जैसे कि **IIT मद्रास** द्वारा ज़ांज़ीबार में और **IIT दिल्ली** द्वारा अबू धाबी में परिसर स्थापित किया गया है।

UGC (FHEI) विनियम, 2023 के बारे में:

- **UGC (FHEI) विनियम, 2023** ने विश्व के शीर्ष 500 विश्वविद्यालयों को भारत में अपनी शाखाएँ स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।
- यह पहल **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020** के अनुरूप है, जो भारत में शीर्ष वैश्विक विश्वविद्यालयों के लिये एक विधायी ढाँचा प्रस्तुत करती है।
- **NEP 2020** में उल्लेख किया गया है कि विश्व के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में से चयनित संस्थानों को भारत में संचालन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC):

- **UGC** भारत का एक संवैधानिक निकाय है, जिसकी स्थापना वर्ष 1953 में उच्च शिक्षा के समन्वय, निर्धारण और गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी।
  - यह आयोग **UGC अधिनियम, 1956** के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा गठित किया गया था।
- UGC के प्रमुख कार्यों में विश्वविद्यालयों को मान्यता प्रदान करना, वित्तीय सहायता देना तथा उच्च शिक्षा से संबंधित मामलों में सरकार को परामर्श देना शामिल है।
- **UGC** का मुख्यालय **नई दिल्ली** में स्थित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/university-of-southampton-opens-india-campus-in-gurugram